## सार-समाचार

### आचार्य चंद्रानन सागर का स्वागत

**जोधपुर**, (कासं)। आचार्य चंद्रानन सागर सूरिश्वर का दिग्विजय नगर में हर्षोल्लास के साथ आगमन हुआ। उवसग्गहरं आराधक परिवार ट्रस्ट एवं पाल रोड सकल जैन श्री संघ द्वारा बैंड बाजों के साथ गुरुदेव का ठाठ बाट के साथ सामैया करवाया गया। पूरे रास्ते श्रद्धालु नृत्य करते हुए एवं जयकारे लगाते हुए गुरुदेव के प्रति निष्ठा प्रकट कर रहे थे। प्रवक्ता दिलीप जैन एवं दिनेश मुणोत ने बताया कि सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में सामैया के पश्चात धर्म सभा का आयोजन हुआ। धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य चन्द्रानन सागर सूरीश्वर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का धर्म में प्रवृत्त हुए बिना जीवन का कल्याण संभव नहीं है। उन्होंने धम्मों मंगल मुक्कि, की व्याख्या करते हुए कहा कि धर्म तत्व ही सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्ठ मंगल है। इससे बढक़र इस दुनिया में कुछ भी नही।। जो निश्चित रूप से कल्याणकारी है। धर्म हमें जोडऩा सिखाता है। तोडऩा नही। उन्होंने धर्म के दो प्रकार बतलाए एक भाव तो दूसरा द्रव्य। उन्होंने समाज में विकास की आवश्यकता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि साधन, सामठाी, संपति एवं सत्ता कुछ भी स्थाई नहीं है। हमें इसका उपयोग धर्म कार्य में करना चाहिए। तन, मन एवं धन तीनों योग से किया जाना धर्म सार्थकता की नई इबारत लिखता है। राजेश बागरेचा एवं राकेश भंडारी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 10 बजे गुरुदेव की पवन निश्रा में शक्रस्तव महाभिषेक का आयोजन किया जाएगा। साथ वर्षीतप आराधकों को सामूहिक पच्चखान करवाते हुए गुरुवार द्वारा मंगल पाठ सुनाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघ पाल रोड़, जोधपुर ऋषभ सेवा मंडल तथा जिनशासन यूथ क्लब के सदस्य सहित उत्तम सुराणा एवं पृथ्वीराज पारख अपना विशेष सहयोग प्रदान कर रहे है।

### गवार गम उद्योग बचने की मांग की

**जोधपुर**, (कासं) । देश के अन्य राज्यों की तरह टैक्स में छूट नहीं दिए जाने के कारण राजस्थान का ग्वार गम उद्योग दम तोडऩे लगा है। किसान पलायन करके अपना माल पड़ोसी राज्यों में बेचने लगे हैं, फैक्ट्रियां बंद होने लगी है। ऐसे में ग्वारगम व्यापारियों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से 10 जुलाई को पेश किए जाने वाले बजट में गवार गम उद्योग पर लगाए गए टैक्स समाप्त करने का आग्रह किया है। राजस्थान ग्वार गम मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के सचिव श्रेयांश मेहता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल लाल शर्मा को पत्र लिखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग रखी कि राज्य में ग्वार गम उद्योग को मण्डी टेक्स में शत-प्रतिशत की छूट प्रदान की जानी चाहिए। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में ग्वार प्रोसेसिंग के लिए राज्य के बाहर जाता है तो इससे कृषिमंडी टैक्स की आमदनी एवम राजस्थान राज्य को जीएसटी राजस्व की बहुत बड़ी हानि भी हो रही है। यही कच्चा माल अगर प्रदेश में प्रोसेस होगा तो राजस्थान सरकार के जीएसटी राजस्व में भी वृद्धि होगी।ग्वार गम उद्योग को प्रोत्साहित करने एवं कृषि आधारित रोजगार सृजित करने हेतु अन्य राज्यों की भांति ग्वार को कर मुक्त एवं पुराने उद्योगिक इकाइयों को नये उद्योगिक के समानांतर छूट कर बड़ी राहत प्रदान करने की अनुकंपा करावें।

### जीरावल में कृषक गोष्ठी आयोजित

**रेवदर**, (निसं)। ग्राम पंचायत जीरावल में जय अम्बे गो शाला मे ब्लॉक स्तरीय कृषक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें 100 किसान ने भाग लिया इसमें क़ृषि विभाग व उद्यान विभाग के अधिकारियो द्वारा किसानो को कृषि विभाग द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसमें उपनिदेशक क़ृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा डॉ. हीर सिंह राठौर ने खरीफ की फसलों की बुवाई से पूर्व होने वाली समस्त शस्य क्रियाओ के बारे में विस्तार से बताया। सहायक निदेशक कृषि विस्तार सिरोही पवन बरडिया ने कृषि विभाग की विभिन्न डीबीटी स्कीम के बारे में बताया बीटीटी संयोजक एवं सहायक कृषि अधिकारी रेवदर हितेंद्र पाल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी दी। सहायक कृषि अधिकारी दाँतराई प्रताप राम ने डीएपी की जगह एसपी के विकल्प के बारे में बताया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गणपत राम सैनी ने पशुओं में फैलने वाली मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं उपाय के बारे में बताया। कृषि पर्यवेक्षक उद्यान हीरालाल ने उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। कृषि पर्यवेक्षक ताराचंद, सुरेंद्र कुमार वर्मा, अमर सिंह उपस्थित रहे।

### सुमेर बेनीवाल ने बढ़ाया गौरव

**जोधपुर**, (कासं) । नेपाल में आयोजित सॉफ्ट-बेसबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम में जोधपुर के सुमेर बेनीवाल ने भी प्रतिनिधित्व किया। बेनीवाल ने सहभागिता निभाते हुए भारत की टीम को गोल्ड मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाई है । नेपाल के पोखरा शहर में आयोजित टूर्नामेंट में भारतीय टीम में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में भारतीय टीम ने चीन को 12-02 से हराकर के भारत ने स्वर्ण पदक जीता। नन्दवान गांव के सुमेर बेनीवाल ने नेपाल में सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। फूलों की बरसात करके गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी बेनीवाल का पूरा मान सम्मान किया। इस दौरान पूर्व सरपंच प्रतिनिधि हनुमान राम मोठड़ा भी कार्यक्रम में पहुंचे। समाज सेवी अमृत गौड़ , करनाराम नायक , प्रेमसिंह राजपुरोहित , रमेशसिंह राजपुरोहित , सुनील गोदारा , अशोक बंजारा , बगाराम बेनीवाल , सुरेंद्र भाम्भू , रमेश बेनीवाल भी मौजूद रहे। उनकी इस उपलब्धि पर लूणी विधायक व कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल , नागौर सासंद हनुमान बेनीवाल, बाड़मेर सासंद उम्मेदाराम बेनीवाल और मित्रों ने कॉल करके बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शिक्षा मंत्री को कई लोगों ने ज्ञापन दिए

**जोधपुर**, (कासं)। जिला प्रभारी व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को जोधपुर दौरे के दौरान कई लोगों ने ज्ञापन सौंपे और अपनी समस्याओं के निस्तारण की मांग की। राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ ने मृतक आश्रित मंत्रालयिक कर्मचारियों के टंकण परीक्षा में गति एवं परीक्षा में शामिल हेतु शिथिलता प्रदान करवाने की मांग का ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेशाध्यक्ष पूनमचन्द व्यास ने बताया कि राज्य सरकार के अनुकंपा नियुक्ति नियमों के तहत कार्यरत तीन वर्ष अवधि पूर्ण कर चुके कइ मंत्रालयिक कर्मचारी पारिवारिक, प्रशासन स्तर पर समयावधि में परीक्षा आयोजन नहीं होने तथा अन्य कारणों से समयावधि में टंकण गति परीक्षा में शामिल नही हो पाए जिस कारण कार्मिको को आर्थिक लाभ से वंचित होना पड रहा है। इसलिए ऐसे कार्मिकों को पुनः टंकण परीक्षा में बैठने हेतु शिथिलता एवं टंकण गति में छूट दिलवाने की मांग की गई।

### दाधिच व शर्मा शहर महामंत्री बने

**पाली**, (नि.सं.)। सुनील तिवाड़ी राष्ट्रीय प्रमुख, कुलदिप शर्मा प्रदेशाध्यक्ष, पाली जिला प्रभारी अमित त्रिवेदी जिलाध्यक्ष मुकेश नाबरिया की निदेशानुसार पाली शहर अध्यक्ष रितिक दवे ने अपनी कार्यकारिणी बनाई। विप्र सेना जिला प्रवक्ता ने बताया कि उपाध्यक्ष राकेश गौतम, जयेश शर्मा, शिवम जोशी, हितेश शर्मा, कपिल पाणेचा, कुलदिप दाधिच, हरिश शर्मा, अप्रित श्रीमाली, अंकित व्यास, प्रणय तिवाड़ी महामंत्री मनीष दाधिच, लवलेश शर्मा,मंत्री पुष्पेन्द्र उपाध्याय, महेन्द्र शर्मा, पार्थ शर्मा, तिर्थेश व्यास, अंकित पारीक, सुभाष दाधिच, पिंटू जोशी, यश त्रिवेदी,कोषाध्यक्ष अर्जुन पंचारिया,मीडिया प्रभारी डेविल शर्मा,कार्यकारिणीसदस्य परमेश्वर शर्मा, तनुज दवे, पुनित त्रिवेदी को नियुक्त किया गया।

### सखी केन्द्र का निरीक्षण किया

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी ने गुरूवार को जिला मुख्यालय पर संचालित वन स्टाप सेंटर सखी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी ने सखी केन्द्र पर उपस्थित पीड़ित महिलाओं से प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र पर आने वाली पीड़ित महिलाओं को उचित मार्गदर्शन एवं कानूनी सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक प्रहलाद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि सखी केन्द्र में पीड़ित महिलाओं को पांच दिन के लिए आवास, भोजन, विधिक एवं चिकित्सा सहायता के साथ परामर्श सेवाएं प्रदान की जाती है। यह केन्द्र चौबीस घंटे संचालित रहता है।

### पाली शहर समेत जिले में बरसात

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिले में पिछले 5 दिन से बरसात का दौर चल रहा हैं जहां कहीं तेज, कहीं कम बारिश का दौर चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को दिनभर की तपिस के बाद शाम 4:00 बजे दूसरे दिन भी बारिश का दौर शुरू हुआ। रिमझिम बारिश के बाद जमकर 2 घंटे बारिश हुई। इस बारिश से शहर की सड़के तरबतर हो गई और सड़कों पर जमकर पानी बहा। आज पहली बार मानसून की बारिश हुई और मौसम सुहाना हो गया।

# जोराराम कुमावत ने बालोतरा में विभागीय कार्यों की समीक्षा की

**बालोतरा**, (निसं)। पशुपालन, डेयरी, गोपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में जिला कलैक्टर सभागार में सभी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने सभी विभागों की समीक्षा बैठक में सभी विभागों के कार्यो की वस्तुस्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी योजना है, जिसे गंभीरता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जल विभाग के एईएन और जेईएन को फील्ड पर जाकर कार्य को पूर्ण करें। गांव में जाकर जनप्रतिनिधियों से मिले, पानी की कमी की वस्तुस्थिति देखे, और वंचित गांवों में जलापूर्ति सुनिश्चित करें। फील्ड में जाने पर ही वास्तविक रूप से जल समस्या का समाधान संभव है।

मंत्री ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपभोताओ को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत कटौती के दौरान आमजन के फोन को उठाए तथा संतुष्टिपूर्ण जवाब दे। उन्होंने चिकित्सा विभाग को बारिश के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों की पूर्व तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जल भराव वाले क्षेत्रों में दवाइयों का छिडकाव करें। साथ ही आमजन को बीमारियों के प्रति जागरूक करें।

उन्होंने प्रत्येक पंचायत स्तर पर गौ शालाओं को खोलने, गौ शाला में छाया, चारा और पानी की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिले में बढते तापमान और हीट वेव के प्रभाव को कम करने के लिए सघन पौधरोपण अभियान को ने जन अभियान बनाकर जिले में अधिक से अधिक पौधारोपण करें। साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया, अतिरिक्त जिला कलैक्टर नानूराम सैनी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, उपखंड अधिकारी राजेश कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मृतक के आश्रितों को दिए चैक

मंत्री जोराराम कुमावत ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान जिला कलैक्टर सभागार में सड़क दुर्घटना के मृतक के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक लाख रुपए की सहायता राशि के चैक प्रदान किए।

देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने जिला कलैक्टर सभागार में समदड़ी निवासी फूलवंती देवी एवं अकदड़ा निवासी पुष्पा देवी को मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक एक लाख की सहायता राशि के चैक प्रदान किए।

इसके साथ ही केबिनेट मंत्री ने सिलोर ग्राम पंचायत के सरपंच की मांग पर पटवार भवन हेतु भूमि आवंटन की आदेश प्रति जिला भाजपा अध्यक्ष बाबूसिंह राजपुरोहित को सुपुर्द की।

इससे पूर्व पशुपालन, डेयरी, गोपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने जिला कलैक्टर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करने की आवश्यकता है। ताकि भविष्य में भीषण गर्मी और हीट वेव के प्रभाव को कम किया जा सके।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया, अतिरिक्त जिला कलैक्टर नानूराम सैनी सहित सभी जिला कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेहरा ने कार्यालयों का निरीक्षण किया

**बालोतरा**, (नि.सं.)। जोधपुर संभागीय आयुक्त बी एल मेहरा ने गुरुवार को जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवड़ी का निरीक्षण किया।

उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय के भवन, स्वच्छ जलाशय, उच्च जलाशय एवं पंप हाउस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी पचपदरा क्षेत्र में नियमित अंतराल में जलापूर्ति करने के साथ समय समय पर पानी की गुणवत्ता की जांच करें।

इसके साथ ही संभागीय आयुक्त ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय का निरीक्षण कर भवन के खस्ता हाल पर अधिकारियों को आवश्यक मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फाइलों को दीमक से बचाने के लिए लोहे की रैक में रखें। लोग बुक को रजिस्टर में नही बना प्रिंटेड फॉर्मेट में संधारित करें। इस दौरान उन्होंने सहायक अभियंता कार्यालय की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। जिसमें 8 कर्मचारी उपस्थित और 2 कार्मिक अवकाश पर पाए गए। उन्होंने जन सेवा के लिए संवेदनशील होकर कार्य करने को कहा।

निरीक्षण के इसी क्रम में उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवड़ी का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी को मौसमी बीमारियों की पूर्व तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी, सामान्य वार्ड, आपातकालीन कक्ष, भंडारण कक्ष का निरीक्षण करते हुए सभी आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने बाबत अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मरीजों के बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान पचपदरा तहसीलदार गोपीकिशन पालीवाल, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता बाबूलाल मीणा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सोनाराम पटेल उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम महादेव को यात्रा का पत्रक दिया



बाबा परशुराम महादेव पैदल यात्रा का प्रथम पत्रक भक्तों ने परशुराम महादेव को अर्पित किया।

**जोधपुर**, (कासं) । जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान, जोधपुर द्वारा संचालित बाबा परशुराम महादेव पैदल यात्रा का प्रथम पत्रक आज जोधपुर से पहुंचे भक्तों ने भगवान परशुराम महादेव को अर्पण कर यात्रा के लिए आमंत्रित किया। इस वर्ष यह यात्रा 28 जुलाई को जोधपुर से रवाना होगी।

प्रवक्ता जयसिंह कच्छवाहा ने बताया कि पिछले 27 वर्षों की तरह इस वर्ष भी श्रावण वदी सातम, शनिवार, 27 जुलाई को हनुमानजी का मन्दिर, लाल सागर मण्डोर पर रात्रि जागरण देकर 28 जून, रविवार को प्रातः 4.00 बजे रवाना होगी।

इसका आमंत्रण पत्र आज सर्वप्रथम परशुराम महादेव को अर्पण कर विश्व कल्याण का कामना की गई।

इस मौके शंकर लाल कछवाह, प्रमोद कुमार सांखला, जयसिंह कछवाह, शिवसिंह कछवाह, हरिनंदन कछवाह, पवन सांखला, दिनेश सोलंकी, रजत कछवाह सहित अनेक भक्त मौजूद थे।

# जोधपुर जिले के 3.31लाख लाभार्थियों में राशि हस्तांतरित

**जोधपुर**, (कासं) । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को झुंझुनू से आयोजित राज्य स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को अभिवृद्धित राशि के सीधे हस्तांतरण कार्यक्रम में एक क्लिक से पूरे प्रदेश के 88 लाख लाभार्थियों के खातों में 1 हजार 37 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। इसमें जोधपुर जिले के 3 लाख 31 हजार 83 लाभार्थियों को 48 करोड़ 07 लाख रूपये से अधिक की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। लाभार्थियों के साथ मुख्यमंत्री ने सीधे संवाद किया। कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री का पेंशन लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम डॉ. एस एन मेडीकल कॉलेज ऑडिटोरियम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में जोधपुर जिला प्रभारी मंत्री व शिक्षा एवं पंचायत राज विभाग मंत्री मदन दिलावर भी मौजूद थे। कार्यक्रम में सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी, शहर विधायक अतुल भंसाली, जिला कलेक्टर गौरव अठावाल, जिला परिषद सीईओ डॉ धीरज कुमार सिंह, देवेन्द्र सालेचा, मुरलीधर पालीवाल, जगराम बिश्नोई, नरेंद्र कच्छवाहा, महेंद्र मेघवाल, शिव कुमार सोनी, अशोक पटेल, एडीएम प्रथम दीप्ती शर्मा, एडीएम द्वितीय रतन लाल योगी, जिला परिषद एसीईओ श्रीमती अर्चना व्यास, सूचना प्रोधोगीकी संयुक्त निदेशक महेन्द्र चौधरी, सान्याअवि संयुक्त निदेशक मनमीत कौर सहित कई जनू उपस्थित रहे।

# जालोर में सेवा व पर्यावरण पखवाड़ा का शुभारंभ




जालोर में भारत विकास परिषद् ने चिकित्सालय में मरीजों को फल व बिस्किट बांटे। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद् के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की 104 वीं जयंती पर गुरुवार से पूरे राजस्थान पश्चिम प्रांत में सेवा व पर्यावरण पखवाडा का आगाज किया गया है। इसी के तहत परिषद् की जालोर शाखा द्वारा इस ऐतिहासिक दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित राजकीय सामान्य चिकित्सालय में भर्ती सभी मरीजों को फल- बिस्किट आदि वितरण कर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।

परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी, शाखाध्यक्ष राजेंद्र भूतडा तथा चिकित्सालय में सेवारत चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार चौधरी , डॉ. विजय मीणा व सीनियर नर्सिंग आफिसर शहजाद खां की उपस्थिति में चिकित्सालय के मेडिकल, सर्जिकल, आईसीयू ,डायलिसिस और महिला वार्ड में तथा ओपीडी में मौजूद सभी रोगियों को परिषद् की ओर से फल व बिस्किट आदि निःशुल्क वितरण कर उनके स्वास्थ्य की कुशलक्षेम जानकर उनके स्वस्थ व खुशहाल जीवन की मंगल कामना की। चिकित्सालय में सेवारत सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान ने इस सेवा कार्य में परिषद् कार्यकर्ताओं का सहयोग किया। चिकित्सालय प्रशासन ने परिषद् के सेवा कार्य की सराहना कर आभार व्यक्त किया।

जिला महिला संयोजक मधु शेखावत, शाखा उपाध्यक्ष प्रेम कुमार परमार , महेंद्र आनंद वैष्णव, कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी, सुरेश कुमार जैन, शाखा महिला संयोजक सीमा जोशी, कमल किशोर भूतडा, मंजू चौधरी ,दया शर्मा, अशोक सोनी, भेरूलाल सोनी, नर्सिंग ऑफिसर रमेश राणा, गोविंद कुमार, मेहुल शर्मा सहित कई जने उपस्थित थे।

### पल्स पोलियो अभियान के 797 स्थाई बूथ बनाए

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में 30 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। 5 वर्ष तक के 2,03,129 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के तहत कुल 797 स्थाई बूथ व 126 मोबाइल टीमों का गठन किया है, 151 सुपरवाइजर शामिल है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि प्रथम दिवस के दिन अधिक से अधिक बच्चों को बूथ पर ही पोलियो की खुराक पिलाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अभियान को सफल बनाने के लिए आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, एएनएम, आशा सहयोगिनियों, स्कूली बच्चे, स्काउट गाइड, एनसीसी एवं शिक्षा विभाग को संगठन के रुप में कार्य करने और जागरुकता फैलाने हेतु समझाया गया। पल्स पोलियो वैक्सीन की निर्धारित समय पर सभी बूथों पर उपलब्धता सुनिश्चित कर हाई रिस्क एरिया पर विशेष फोकस करने के लिए बीसीएमओ व चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये। प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निरंजन सिंह यादव ने बताया कि जिले में कोई भी बच्चा खुराक लेने से वंचित न रहे इसके लिए पोलियो दिवस के दिन रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कच्ची बस्तियों, फुटपाथ, निर्माण क्षेत्र पर भी पोलियो खुराक की व्यवस्था की जायेगी।

### टीकमाराम ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान डीबीटी के माध्यम से जैसलमेर जिले के 71 हजार 500 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के खाते में 24.50 करोड़ रूपये की राशि हस्तान्तरित की गई।

जिला स्तरीय कार्यक्रम उत्कृष जैन भवन मलका प्रौल जैसलमेर में आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक छोटूसिंह भाटी, जिला कलेक्टर प्रतापसिंह, अतिरिक्त जिला कलैक्टर मुन्नीराम बागड़िया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भागीरथ विश्नोई, यूआईटी सचिव जितेंद्रसिंह नरूका, नगरपरिषद आयुक्त लजपालसिंह सहित जनप्रतिनिधी, जिला स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे। सवाद कार्यक्रम ब्लॉक एवं ठााम पंचायत मुख्यालय पर वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जोड़ा गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान जैसलमेर के लाभार्थी बुजुर्ग टीकमाराम ने पेंशन बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम की सफलता पर जिला कलेक्टर प्रतापसिंह एवं विधायक छोटूसिंह भाटी प्रसन्निचत नजर आये। कार्यक्रम के पश्चात् उपस्थित सभी लाभार्थियों को भोजन के पैकेट प्रदान किये गए।

### पत्थर से टकराई बाइक, चालक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। राजमार्ग 125 व मेगा हाइवे जोधपुर-जैसलमेर रोड पर बुधवार को देचू से सेतरावा की तरफ जा रहे बाइक सवार की सडक़ किनारे पत्थर से टकराने से मौके पर मौत हो गई। सूचना पर देचू पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने बताया कि फतेहगढ़ देचू निवासी निबाराम पुत्र नरूराम मेघवाल बाइक लेकर फतेहगढ़ से सेतरावा होकर सोमेसर जा रहा था।

# करंट से युवक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती करवड़ स्थित लोरडी पंडितजी गांव में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। उसके भाई ने इस बारे में करवड़ थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी है। करवड़ पुलिस ने बताया कि लोरडी पंडितजी निवासी करण कुमार पुत्र भागीरथ प्रजापत ने मर्ग में रिपोर्ट दी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत राघवा ,पंचायत समिति सम**

क्रमांकः- ग्रापबा/संस्थापन/2024-25/94 दिनांकः 26/06/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

ग्राम पंचायत राघवा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में महात्मा गांधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित अन्य विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यो के लिए उपयोग में ली जाने वाली सामग्री हेतु सामग्री आपूर्ति वार्षिकी दर संविदा पर क्रय करने हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो कि https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। विवरण निम्नानुसार है:-

NIB Code - PFJ2425A0013
BID/UBN - PFJ2425GLOB00014

सरपंच/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत राघवा
पंचायत समिति सम

**कार्यालय ग्राम पंचायत ऊण पंचायत समिति, जालोर**

क्रमांकः ग्राप/मरेगा/2024-25/55 दिनांकः 24/06/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25**

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत ऊण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 की शेष अवधि के दौरान महात्मा गॉधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013(आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अर्न्तगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजिकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता(ओं)/ विक्रेता(ओं)/फर्मो/ संवेदकों/ आपूर्तिकर्ता(ओं) से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा आनलाईन अपलोड की जा सकती है।

UBN No.- ZJR2425GLOB00048
NIB No.- ZJR2425A0048

सरपंच
ग्राम पंचायत ऊण
पंचायत समिति जालोर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ऊण
पंचायत समिति जालोर

**जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, जालोर**
प्रधान कार्यालय : हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर-343001
दूरभाष नं. 02973-223407, बैंक हेल्पलाईन नं. 90798-06434
Website:- www.jalorebank.com/ Email: headoffice@jalorebank.com

क्रमांक/जानासबैक/2401 दिनांक 27.06.2024

**26 वीं वार्षिक आम सभा वर्ष 2023-2024**
**( समस्त अंशधारको के लिए वार्षिक आम सभा की सूचना )**

बैंक के समस्त माननीय अंशधारियों को सूचित किया जाता है कि बैंक की 26 वीं वार्षिक आम सभा (वर्ष 2023-24) की बैठक दिनांक 13.07.2024, शनिवार को प्रात:11(ग्यारह) बजे, स्थान वतन रिसोर्ट, जालोर रोड, बिशनगढ जिला जालोर, पर आयोजित होगी, जिसकी सदस्यो को वैधानिक सूचना है। इस वार्षिक आम सभा में बैंक के समस्त अंशधारी सदस्यगण सादर आमंत्रित है।

**॥ आम सभा में विचारणीय विषय ॥**

(1) दिनांक 09.09.2023 को आयोजितगत वार्षिक आम सभा की बैठक कार्यवाही की पुष्टि करना। (2) अध्यक्षीय प्रतिवेदन का पठन एवं अनुमोदन। (3) बैंक के दिनांक 31.03.2024 के अंकेक्षित बेलेन्सशीट, लाभ-हानि खाता, अंकेक्षण रिपोर्ट एवं रिपोर्ट के 'अ' भाग में उल्लेखित आक्षेपो की अनुपालना रिपोर्ट पर विचार एवं अनुमोदन। (4) वर्ष 2023-24 के शुद्व लाभ के निस्तारण पर विचार एवं अनुमोदन। (5) वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट के प्रावधानों के विरूद्व अधिक व्यय का अनुमोदन तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु बजट का अनुमोदन करना। (6) **विशेष प्रस्ताव :-** बैंक के कार्यक्षेत्र का विस्तार सम्पूर्ण राजस्थान में करने हेतु बैंक के उपनियम संख्या 03 में संशोधन करने के प्रस्ताव के अनुमोदन (Approval) एवं पारित करने का विचार। (7) संचालक मण्डल द्वारा स्वीकृत कर्मचारियों एवं अधिकारियों को किए गए बोनस/एक्सग्रेसिया इत्यादि के भुगतान का अनुमोदन। (8) वर्ष 2024-25 के लिए संचालक मण्डल द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु स्वीकृत स्ट्रेन्थ की पुष्टि करना। (9) अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से।

संचालक मण्डल की आज्ञा से
(परमानन्द भट्ट) मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**आवश्यक टिप्पणी :-**

01. निर्धारित समय पर न्यूनतम नहीं होने पर साधारण आम सभा स्थगित कर दी जाएगी एवं पुनः एक घण्ठे पश्चात उसी स्थान पर साधारण सभा प्रारम्भ कर दी जाएगी। विषय सूची अपरिवर्तित रहेगी। स्थगत पश्चात् आहूत बैठक में गणपूर्ति आवश्यक नहीं है। 02. सदस्यगणों से आग्रह है कि अपना मूल परिचय पत्र (मान्य दस्तावेज) आवश्यक रूप से साथ में लावे। 03. बैंक के अंकेक्षित वित्तीय विवरण संतुलन चित्र , लाभ हानि खाता एवंम ऑडिटर रिपोर्ट बैंक की Website:- www.jalorebank.com पर उपलब्ध है। 04.आम सभा में विचारणीय विषय 6 विशेष प्रस्ताव के तौर पर पारित किया जाना है। इस प्रस्ताव हेतु सभी सदस्यों के अनुमोदन (Approval)के लिए अलग से सूचना दिनांक 28 जून 2024 को समाचार पत्र, दैनिक भास्कर में प्रकाशित की गई है। आगामी आम सभा में प्रस्ताव के तौर पर नियमानुसार आवश्यक दिशानिर्देश अनुसार पारित करने हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है। 05. यदि कोई सदस्य द्वारा एजेण्डा विषय में समाहित आवश्यक रिकार्ड की जानकारी प्राप्त करना चाहे तो बैंक प्रधान कार्यालय मे दिनांक 12.07.2024 तक कार्यालय समय में पधार कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस.टी.बी.ए.) हेतु आमंत्रण सूचना**

NIT 02-19/STBA/JU/2024 Date: 25.06.2024

| स्टेशन वर्गीकरण | कार्य का नाम एवं स्थान | आवेदन पत्र का मूल्य | अमानत राशी |
|---|---|---|---|
| NSG-6 | जोधपुर मण्डल के निम्न स्टेशन पर कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) से अनारक्षित रेल टिकटों को जारी करने हेतु स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट के चयन। | Rs. 1,000/- | Rs. 2,000/- |

| NIT No. | स्टेशन | NIT No. | स्टेशन |
|---|---|---|---|
| 02 | गुढ़ा | 11 | अजीत |
| 03 | जेनाल | 12 | बाकरा रोड |
| 04 | मारवाड़ कोरी | 13 | हरलाया |
| 05 | नया खारड़िया | 14 | मारवाड़ बागरा |
| 06 | राखी | 15 | मालवाड़ा |
| 07 | तालछापर | 16 | उम्मेद |
| 08 | पालना | 17 | कवास |
| 09 | जागनाथ जी | 18 | बोरावड़ |
| 10 | खेडूली | 19 | असारनाडा |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय का पता जहॉं से आवेदन फार्म प्राप्त किया जा सकता है | वाणिज्य सामान्य शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर। सोमवार से शुक्रवार समयः 10.00 बजे से 18.00 बजे तक |
| 2. | आवेदन फार्म खरीदने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 25.07.2024 को 17.00 बजे तक। |
| 3. | आवेदन फार्म स्वीकार करने की तिथि एवं समय | दिनांक 26.07.2024 को 15.00 बजे तक। |
| 4. | आवेदन खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 26.07.2024 को 15.00 बजे । |

733-AJ/24

वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## सार-समाचार

### पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान

**बालोतरा,** (निसं)। जिले को पोलियों से मुक्त बनाने हेतु राज्य सरकार के निर्देशानुसार 30 जून को राष्टीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 0-5 वर्ष तक के सभी बच्चों को घर-घर जाकर पोलियों की दवा निःशुल्क पिलाई जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि राष्टीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में जन भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जिले को पोलियों से मुक्त बनाने का संकल्प घर घर पहुंचाने के लिए 29 जून, शनिवार को प्रातः 8 बजे जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय, प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय, प्रत्येक राजस्व ग्राम (जहां प्राथमिक विद्यालय है) वहां पर विशाल पल्स पोलियों जन चेतना रैली जिला प्रशासन पंचायती राज विभाग, चिकित्सा विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्टीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत सम्पूर्ण जिले में बूथ बनाये गये हैं तथा आवश्यकतानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर भ्रमणशील दलों द्वारा दूर दराज क्षेत्रों के बच्चों को पोलियों खुराक पिलाने का कार्य भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राष्टीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में आमजन, जन प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नागरिकों, समाज सेवी संस्थाओं एवं राज्य कर्मचारियों शिक्षकों छात्र छात्रों की स य भागीदारी अपेक्षित है। उन्होंने सभी से सहयोग प्रदान कर रैली एवं पल्स पोलियों अभियान को सफल बनाने की अपील की।

### आदर्श विद्या मंदिर का शुभारंभ

**धोरीमाना,** (निसं)। धोरीमना क्षेत्र के भुणीया में आदर्श विद्या मंदिर का शुभारम्भ हुआ। शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मंच को संबोधित करते हुए विद्या भारती जोधपुर प्रांत के मंत्री मोहनलाल जोशी ने विद्या भारती विद्यालय का उद्देश्य स्पष्ट किया। वही संत जगराम पुरी महाराज ने मंच के माध्यम से अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कार्य म की अध्यक्षता चौहटन के लोकप्रिय विधायक आदूराम मेघवाल ने की गई। इस अवसर पर विद्या भारती जोधपुर प्रांत के एकल विद्यालय प्रमुख देरामाराम बिश्नोई प्रांत निरीक्षक गंगा विष्णु बिश्नोई, मनोहर बंसल ,जिला संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बाडमेर जगदीश चंद्र विभाग प्रचारक बाडमेर जिला सचिव बलदेव व्यास सहित आदर्श शिक्षण समिति बाडमेर उप समिति भूणिया के पदाधिकारी एवं आचार्यगण तथा भैया बहन तथा ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान नव प्रवेशित भैया बहनों का विद्यारंभ संस्कार कर प्रवेश किया गया। कार्य म का संचालन किसनाराम गोदारा ने किया अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य चेनाराम खोथ ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं सभी का आभार प्रकट किया।

### युवा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

**जालोर,** (कासं)। दिल्ली संसद घेराव में जालोर से प्रदेश सचिव लक्ष्मण सिंह सांखला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नीट को रद्द करवाने ओर देश के 24 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड करने के खिलाफ देश की मोदी सरकार की आंखे खोलने के लिए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने संसद घेराव करने हेतु जंतर मंतर से कूच कियाा। देश में हो रहे लगातार पेपर लीक के खिलाफ युवा कांग्रेस ने राष्टीय अध्यक्ष निवास बीवी के नेतृत्व में देश के हजारों युवाओं ने संसद घेराव हेतु जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे थे लेकन देश की पुलिस ने मोदी सरकार के इशारे पर शांति पूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर लाठी चार्ज किया। जालोर से लक्ष्मण सिंह सांखला के नेतृत्व में 31 युवाओं ने संसद घेराव में भाग लिया जिसमे नेता प्रतिपक्ष बसंत सुथार, सुरेश मेघवाल, चन्द्र शेखर एलाना, समीर खान, मुकेश बॉस, भगराज देवासी सहित युवाओं ने भाग लिया।

### मयूर इंग्लिश अकादमी का उद्घाटन

**जालोर,** (कासं)। स्थानीय मयूर पब्लिक स्कूल उच्च माध्यमिक विद्यालय बडी पोल के बाहर शिक्षाविद्व मनोहर लाल मीण मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जालोर, नरेंद्र परमार एडीईओ माध्यमिक जालोर, किस्तुराराम सीबीईओ जालोर तथा रमेश खोरवाल एबीईओ तथा अभिभावकों के द्वारा मयूर इंग्लिश अकादमी का उद्धघाटन तथा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 10, 8 तथा 5 बोर्ड मैं श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने वाले विधार्थियो और गार्गी पुरस्कार मे चयनित 18 बालिकाओं तथा उनके अभिभावकों व इंदिरा प्रियदर्शनी पुरस्कार विजेता का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ललित सुंदेशा ने सभी का आभार व्यक्त कर बच्चो को संस्कारवान बनने व मोबाइल से दूर रहने की सिख दी। साथ ही मयूर इंग्लिश अकादमी के संचालक ई एम नारायण सर ने विद्यालय की विशेषता तथा बच्चो को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने की बात कही। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर गुरुकुल क्लासेज के निदेशक राजकुमार, दलपत खण्डेलवाल तथा समस्त स्टॉफ मौजूद रहे। कार्य म का संचालन सुरेश सेन ने किया।

### भीनमाल में वुशू प्रतियोगिता 30 तक

**जालोर,** (कासं)। भीनमाल नगर में आयोजित होने वाली 18वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता के लिये जिले के वुशू फाईटर गुरुवार को रवाना हुए। जिला वुशू संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य व महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि राजस्थान वुशू संघ व जालोर वुशू संघ के संयुक्त तत्वावधान में 27 से 30 जून तक भीनमाल में जूनियर व यूथ वुशू प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। उक्त प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में कुसुम सुथार, उत्तमा कुमारी, नेहा सुथार, दिव्या गोदारा, निशा, सुनीता चौधरी, वंदना चौहान, हिमानी वैष्णव, निकिता कँवर व दिव्या सोनी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।वहीं बालकों में विहानराज सक्सेना,आदित्य सिंह राजपुरोहित,अनिल कुमार, दुष्यंत राव व कुणाल गौड अलग अलग भार वर्ग में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम कोच विजेश कुमार, टीम मैनेजर भावेश कुमार व तकनीकी अधिकारी चिंकु देवी होंगी।

### प्रोत्साहन के लिए विशेष शिविर लगाया

**जालोर,** (कासं)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जालोर द्वारा औद्योगिक विकास में अनूसचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की प्रभावी भागीदारी के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत गुरूवार को भीनमाल के जीनगर मोहल्ला में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्राम राम देवासी ने बताया कि शिविर में योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को उद्यम की स्थापना, विस्तार, विविधीकरण व आधुनिकीकरण के लिए विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता, अनुदान एवं अन्य सुविधाओं संबंधी प्रावधान एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर 15 आवेदन तैयार करवाये गये। शिविर में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कपूराराम व वरिष्ठ सहायक जवानाराम उपस्थित रहे।

### अभिवृद्धि राशि का हस्तांतरण समारोह

**धोरीमना,** (निसं)। पेंशन योजना के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एलईडी माध्यम से रिमोट कंट्रोल को 15 प्रतिशत राशि को बढाकर राशि खातों मे जमा करते हुए दिखाया गया। धोरीमना उपखंड अधिकारी एसडीएम, धीरेन्द्र सिंह सोनी, पंचायत समिति के विकास अधिकारी, भंवरा राम कालवी,तहसीलदार,किरण सिंघानिया, धोरीमन्ना प्रधान इंदुबाला बिश्नोई,जिला परिषद सदस्य दयाराम मकवणा ,उप सरपंच प्रतिनिधि चनणाराम नामा, सहित कई प्रतिनिधि, एवं उपखंड क्षेत्र के अधिकारी,व पेंशन, के लाभार्थी मौजूद रहे।

### आज भी प्रभावित रहेगा रेल यातायात

**जोधपुर,** (कासं)। अजमेर मंडल के नाना-केशवगंज स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 717 पर आरसीसी बॉक्स डालने के लिए 28 जून को एक दिन रेल यातायात प्रभावित रहेगा। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 28 जून को जोधपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 14821 जोधपुर-साबरमती मारवाड जंक्शन-आबूरोड स्टेशनों के मध्य, साबरमती से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 14822 साबरमती-जोधपुर रेलसेवा आबूरोड-मारवाड़ जंक्शन और लालगढ़ से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 14707 लालगढ़-दादर रेलसेवा मारवाड़ जंक्शन-आबूरोड के मध्य डेढ़ घंटे रेगुलेट रहेगी।

### उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण

**जालोर,** (कासं)। राज्य सरकार व कलैक्टर पूजा पार्थ के निर्देशानुसार जिला रसद अधिकारी आलोक झेरवार व प्रवर्तन निरीक्षक की टीम द्वारा गुरूवार को विभिन्न उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।

# जन समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाएं : के.के. विश्नोई



जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता एवं प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति में जिला परिषद् जालोर की बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता एवं जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई व राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति में गुरूवार को जिला परिषद सभागार में जिला परिषद की विशेष सभा की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन अभिवृद्धि को गरीबों में हित में बताते हुए अधिकारियों को जनहित की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने, जल जीवन मिशन के कार्यों में गति लाने एवं अवैध जल कनेक्शनों के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने की बात कही। बैठक के दौरान जिला प्रमुख राजेश कुमार के निर्देशानुसार प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिसमें सघन पौधारोपण महाअभियान के लिए जालोर व सांचौर में पौधारोपण के लिए निर्धारित लक्ष्यों तथा कार्ययोजना अनुरूप विभागवार किए गए लक्ष्य आवंटन को लेकर चर्चा की गई।

जिला परिषद की विशेष बैठक में वृक्षारोपण महाअभियान पर चर्चा करते हुए वन विभाग द्वारा तैयार की गई पौध तथा कार्ययोजना बनाकर वृक्षारोपण करवाने एवं पौधों के बड़े होने तक उनकी सार-संभाल को लेकर जिम्मेदारी तय किये जाने के संबंध में चर्चा की गई।

जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने बताया कि मानसून के दौरान इस बार वृक्षारोपण सघन महाअभियान के तहत लगाये जाने वाले सभी पौधों की जियो टैगिंग कर उनके बड़े होने तक सार-संभाल सहित सम्पूर्ण जिम्मेदारी तय की जायेगी।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने बताया कि मानसून के दौरान जिले में 18 लाख के करीब पौधारोपण किया जाना हैं जिसके लिए विभागवार लक्ष्यों का आवंटन किया गया हैं। जिसमें एमजीनरेगा के तहत लगभग 4.22 लाख पौधें व वन विभाग द्वारा 9.85 लाख पौधे लगाएं जाएंगे। वही शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 1 से 5 तक प्रति छात्र को 1 पौधा, कक्षा 6 से 12 तक प्रति छात्र का 5 पौधों का वितरण किया जायेगा। बैाक में विकसित राजस्थान/2047 पर चर्चा कर विकसित राजस्थान-2047 के विजन को ध्यान में रखते हुए जनप्रतिनिधियों व जिला परिषद के सदस्यों से सुझाव लिए गए। जिस पर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कलेक्ट्रेट परिसर को मिनी सचिवालय थीम पर विकसित किये जाने को लेकर सुझाव दिया। बैठक में सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी व रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी सहित जिला परिषद के सभी सदस्यों ने विकसित राजस्थान-2047 के लिए अपने सुझाव दिए।

इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, जिला परिषद सदस्य हरीश राणावत सहित जनप्रतिनिधि, जिला परिषद के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवाओं ने नशा नहीं करने की शपथ ली




जालोर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अन्तरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। राज्य प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं नश मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने कहा कि नशा करने से व्यक्ति के शरीर में कई बिमारियां हो जाती हैं साथ ही उसका मानसिक संतुलन भी गडबडा जाता है। नशा करने से व्यक्ति में चिडचिडापन आ जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति कई बार अपराध करता है एवं वह बार बार झूङ्ग बोलता है। उन्होंने नशे से होने वाले अन्य दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने उपस्थित युवाओं को आव्हान किया कि वे नशे से दूर रहे एवं यदि कोई नशा करता है तो उसे नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान युवाओं को नशा नहीं करने की शपथ भी दिलवाई गई। लोगों में जागरूकता के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नशा नहीं करने के संदेश देने वाली तख्तियां हाथों में लेकर युवा नारे लगाते हुए चल रहे थे।

इस दौरान नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र जालोर के परियोजना निदेशक हीरालाल चौहान, काउंसलर रावताराम, मुकेश कुमार, सुरेश विश्नोई, कांतिलाल, तेजाराम, खेताराम, नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र के मोहनलाल गुर्जर सहित कई जने मौजूद रहे।

### मंत्री जोगाराम पटेल आज व कल जोधपुर में

**जोधपुर,** (कासं) । संसदीय कार्य विभाग, विधि एवं विधिक कार्य और विधि परामर्शी कार्यालय एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल शुक्रवार, 28 जून को प्रातः 9 से 11 बजे तक सर्किट हाउॅस में जनसुनवाई करेंगे। इसके बाद प्रातः 11.30 बजे पंचायत समिति की साधारण सभा तथा अपराह्न 3 बजे पंचायत समिति धवा की साधारण सभा की बैठक में भाग लेंगे। जोगाराम पटेल रात्रि 8.30 बजे ओमप्रकाश नोगिया के सेवानिवृत्ति समारोह में सम्मिलित होंगे तथा रात्रि 9.30 बजे सर्किट हाउॅस पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउॅस में करेंगे।

जोगाराम पटेल शनिवार, 29 जून को प्रातः 9 से 11 बजे सर्किट हाउॅस में जनसुनवाई करेंगे तथा वे प्रातः 11.30 बजे ठााम पंचायत महादेव नगर, उन्देड़ा पंचायत समिति केरू की साधारण सभा में भाग लेंने जायेंगे। वे अपराह्न 2.30 बजे सर्किट हाउॅस पहुंचेंगे तथा अपराह्न 3 बजे माउन्ट आबू के लिए रवाना होंगे। वे रात्रि विश्राम सर्किट हाउॅस माउन्ट आबू में करेंगें। श्री जोगाराम पटेल रविवार, 30 जून प्रातः 8.30 बजे गुजरात जिला बनासकाठा में श्री अम्बाजी मंदिर पहुंचेंगे तथा प्रातः 11 बजे देलवाड़ा रोड माउन्ट आबू में अखिल भारतीय आजणा महासभा जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे। अपराह्न 3 बजे वे सर्किट हाउॅस माउन्ट आबू से जयपुर के लिए रवाना होंगे।

### जे.डी.ए. के दस्ते ने अवैध निर्माण कार्य बंद करवाए

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने निरन्तर अवैध कॉलोनियों, सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों, अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है इसी ऋम में गुरूवार को ग्राम जोधपुर के विभिन्न खसरों एवं ग्राम विनायकिया में अवैध निर्माणों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

जेडीए तहसीलदार पेमाराम ने बताया कि जेडीसी उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार दस्ते ने ग्राम जोधपुर के खसरा संख्या 632/11 एवं ग्राम विनायकिया के ख.सं. 30 के निरीक्षण के दौरान अवैध एवं अनाधिकृत रूप से आरसीसी कॉलम व लोहे की प्लेटे लगाने का कार्य किया जा रहा था, जिसे जेडीए दस्ते ने अवैध निर्माण कार्यो को बंद करवाया जाकर आरसीसी की प्लेटे हटायी गयी। मौके पर दस्ते ने अप्रार्थीगण को सख्त हिदायत दी गई कि प्राधिकरण की बिना सक्षम स्वीकृति के एवं बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाये किसी प्रकार का अवैध निर्माण कार्य नहीं करें, अन्यथा प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार अवैध निर्माण ध्वस्त करने के लिए सख्त कार्यवाही की जायेगी।

प्राधिकरण सचिव डॉ. हरीतिमा ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना में जेडीए क्षेत्राधिकार में स्थित सडकों एवं फुटपाथ आदि के सडक भाग में हाथ-ठेला, केबिन, अस्थायी दुकानें, पत्थर काटने की मशीनें, पत्थर स्लैब, पार्किंग ट्रक, विभिन्न दुकानों, गैराजों, फैक्ट्रियों, संस्थाओं द्वारा अनाधिकृत रूप से किए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही भी निरन्तर जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, पटवारी सुरेन्द्रसिंह, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल शर्मा मय अतिक्रमण दस्ते मौजूद रहे।

# एक पौधा बिटिया के नाम अभियान

**जैसलमेर,** ( नि.सं. )॥ कलैक्टर प्रताप सिंह ने महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को कहा कि एक पौधा बीटिया के नाम थीम पर वृक्षारोपण अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए कार्यवाही करावे एवं उन पौधों के रख-रखाव कि भी पालना करें ।

जिला कलैक्टर श्री सिंह ने गुरूवार को जिला कलैक्टरी सभाकक्ष में आयोजित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जिला टास्क फोर्स समिति के साथ ही जिला महिला समाधान समिति एवं उड़ान योजना की समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देष दिए।बैठक के दौरान उपनिदेषक, महिला अधिकारिता, अषोक कुमार गोयल ने गत बैठक की पालना रिपोर्ट प्रस्तुत कि वही एक्षन प्लान वर्ष 2024-25 को रखा एवं आगामी 03 माह तक किए जाने वाली गतिविधियों से अवगत करवाया एवं इसका अनुमोदन करवाया

# सूरसागर में हुए उपद्रव की निष्पक्ष जांच की मांग



जालोर में मीम सेना ने प्रशासनिक अधिकारी रूस्तम खान को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। मीम सेना जालोर ने गुरूवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौपकर जोधपुर के सूरसागर में हुए उपद्रव की घटना की निष्पक्ष जांच करने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया कि जोधपुर के सूरसाग इलाके में गत शुकवार को दो समुदाय के बीच उपद्रव की घटना होने से कई निर्दोष लोगों को इस प्रकरण में फंसाया जा रहा है। पुलिस द्वारा इस पुरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच नही करने से कई निर्दोष लोगो को झुठा इस प्रकरण में लिप्त किया जा रहा है।

मीम सेना इस पुरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग करती है। इस पुरे प्रकरण में चाहे किसी भी समुदाय का व्यक्ति उपद्रव करने में अग्रणी रहा है। उसके सीसीटीवी फुटेज देखकर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। इस घटना में आगजनी की घटना को भी अंजाम दिया गया है। आगजनी से हुए नुकसान का भी उचित मुआवजा दिलाया जाये। ज्ञापन में बताय कि इस पुरे घटनाकम की निष्पक्ष जांच कर दोषियो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई।

इस दौरान मीम सेना के जिला संयोजक शकूर राणा, तौफीक खान, असलम खान, हाजी जावेद खान, युनुस खां सहितकई लोग मौजूद रहे।

# रोटरी सेवा पखवाड़ा मोहन पाराशर के निर्देशन में होगा

**जालोर,** (कासं)। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3055 के आगामी गवर्नर मोहन पाराशर के मार्गदर्शन में जालोर शहर में सेवा की भावना, निःस्वार्थ सेवा की धारणा से प्रेरित होकर,15 दिवसीय रोटरी सेवा पखवाडा मनाया जायेगा। इस दौरान रोटरी क्लब कई सेवा गतिविधियों के माध्यम से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों सहित समाज के सभी वर्गों की सेवा करेगा। अगले माह एक निःशुल्क हाथ/पैरो का कृत्रिम अंग शिविर का भी आयोजन भी करेगा।

रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष डॉ.पवन ओझा ने बताया कि दुर्घटना या आघात के कारण अपने हाथ खो चुके या जन्म से विकलांग लोगों की मदद के लिए अपनी तरह का पहला निःशुल्क शिविर आयोजित कर रहे हैं। 8 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे और बुजुर्ग जिन्होंने किसी दुर्घटना में अपने हाथ खो दिए हैं या उन्हें काटना पडा है, वे इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं। विकलांगता से पीडित हर व्यक्ति कृत्रिम अंग के लिए उपयुक्त उम्मीदवार नहीं होता। विच्छेदन का प्रकार एक कारक है, और घुटने के नीचे का कृत्रिम अंग घुटने के ऊपर वाले अंग की तुलना में उपयोग में आसान होता है। उन्होंने बताया। कृत्रिम हाथ मिलने के बाद लाभार्थी विभिन्न दैनिक कार्य जैसे कंप्यूटर की बोर्ड का उपयोग करना, खाना, हल्का वजन उठाना, खुदाई करना, लिखना या घरेलू कार्य कर सकते हैं। शिविर के लिए पंजीकरण करने के लिए इच्छुक व्यक्ति 9667933195 मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। दिव्यांगों को लिखने, खाने, ब्रश करने और चाय का कप पकडने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।कृत्रिम हाथ से 10 से 12 किलो का वजन उठाया जा सकता है। इस शिविर के माध्यम से, हम जालोर और आसपास के जिलों के प्रत्येक नागरिक तक पहुँचने की उम्मीद करते हैं, जिन्हें कृत्रिम हाथ की आवश्यकता है।अगर लाभार्थियों की संख्या दो सौ से अधिक हो जाती है, तो हमें खुशी होगी। स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कृत्रिम हाथ और पैर वितरित करना है और सभी जरूरतमंदों को इस नेक पहल का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया जाता है। मेगा स्वास्थ्य शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार के शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें कैंसर जांच शिविर, जिसमें नागरिकों को विभिन्न प्रकार के कैंसर के चेतावनी संकेतों के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा कृत्रिम अंग फिट करने का शिविर शामिल है, जिसमें विकलांग लोगों को सामान्य जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए कृत्रिम अंग लगाने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, बाल स्वास्थ्य देखभाल शिविर, दंत जांच शिविर, सामान्य चिकित्सा जांच शिविर, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, नेत्र जांच शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, हड्डी रोग शिविर और स्त्री रोग शिविर भी लगाए जाएंगे। दिव्यांगों की मदद के संकल्प के साथ यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें अनुभवी एवं विशेषज्ञ ऑर्थोटिस्ट एवं प्रोस्थेटिक डॉक्टरों की टीम द्वारा दिव्यांग भाइयों की जांच की जाएगी। अंगों की व्यवस्थित माप कर उच्च गुणवत्ता वाली कास्टिंग की जायेगी। आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मोहन पाराशर ने इस कार्य म योजना की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब जालोर का ये प्रयास समाज के सबसे पिछडे एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए एक वरदान साबित होगा और वो भी स्वतंत्र रूप से समाज की मुख्यधारा से जुड पाएंगे। इस पहल ने उनका जीवन आसान बना दिया है।

रोटरी क्लब जरूरतमंद लोगों को ये हाथ और पैर मुफ्त प्रदान करेगा। विचार गोष्ठी एवं शिविर घोषणा के दौरान सदस्यों द्वारा आगामी गवर्नर का अभिनन्दन किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ रोटेरियन कानाराम परमार,नन्दकिशोर जैथलिया,पुरुषोत्तम पोमल,सहायक प्रांतपाल तरुण सिद्धावत,सचिव संजय कुमार,सपना बजाज, विनीता ओझा,महेंद्र सोलंकी, सीए जीशान अली,नरेश देवडा,नूर मोहम्मद, समेत बोर्ड कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

# लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद व राशि हस्तांतरण कार्यक्रम हुआ

**जालोर,** (कासं)। जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई न गुरूवार को नगर परिषद हॉल में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद एवं राशि हस्तांतरण को लेकर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लाभार्थियों से संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में संकल्प पत्र में किये गये संकल्प को पूर्ण किया जा रहा है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता के साथ आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण सहित शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, कृषि, पेयजल, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि सरकार की सौ दिवसीय कार्ययोजना, फ्लैगशिप योजना तथा बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के साथ-साथ जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि जालोर जिले में इस योजना से 1 लाख 54 हजार 936 पेंशनर्स लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को बधाई देते हुए विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर पूजा पार्थ, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वरलाल मेघवाल, जालोर उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सीरवी, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, नगर परिषद के उप सभापति अम्बालाल व्यास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव कुमार सुथार, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक योगेश कुमार, सुरेश सोलंकी, दिनेश महावर, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, जबराराम माली, दिलीप सोलंकी, त्रिपाल सिंह व जनप्रतिनिधि-अधिकारी सहित सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा में केवाईसी को लेकर सौंपे ज्ञापन

**पाली,** ( निसं )। खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े लाभार्थियों के लिए गलफांस बन चुकी इ- केवाईसी की अनिवार्यता का तुगलकी फरमान वापस लेने अथवा अवधि बढ़ाने हेतु पाली शहर ब्लॉक कांग्रेसजनों ने ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा की अगुवाई में संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा।

संगठन महासचिव भँवर राव व मीडिया प्रभारी ताराचन्द चन्दनानी ने संयुक्त रूप से बताया की खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े लाभर्थियों के लिए तीस जून 2024 तक ई - केवाईसी की अनिवार्यता का आदेश परेशानी का सबब बन गया है। वंही मानसिक तनाव एवं आर्थिक नुकसान का सामना करने सहित भीषण गर्मी में ई केवाईसी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा हैं। तथा सर्वर काम नही करने की वजह से कई घण्टे कतारों में खड़ा रखकर पसीना बहाना पड़ रहा हैं। सबसे ज्यादा परेशानी जिले के प्रवासी को हो रही है जो हाल ही में मतदान कर एवं आखातीज शादी सीजन पश्चात अन्य राज्यों में रोजगार हेतु जा चुके उन्हें वापस ई- केवाईसी के लिए वापस गांव लौटना बहुत कठिन हो गया है।

रेलवे टिकटों में चल रही लम्बी वेटिंग लिस्ट के कारण बसों में दुगुना भाड़ा देकर गांव लौटने के लिए जतन करना पड़ रहा है। छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों के आधार अपडेट की समस्या व आधार सेंटर की कम संख्या भीड़ ज्यादा होने से योजना से जुड़े पात्रजन परेशान त्रस्त है। ई-केवाईसी में सबसे ज्यादा परेशानी बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान आ रही है। आधार सेंटर पर बायोमेट्रिक मशीन के साथ ही राशन डीलरों की पोश मशीनों में कई बुजुर्ग एवं बच्चों के फिंगर प्रिंट ओर आई स्केन नहीं आ रहे। जिससे इन लोगों को इधर-उधर चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिन लोगों के आधार अपडेट नहीं है, उन्हें पहले आधार सेंटरों पर पहुंचकर आधार अपडेट कराना पड़ रहा है। जिससे दोहरी परेशानी हो रही है। वहीं आधार कार्ड सेंटरों पर भी सबसे अधिक समस्या बच्चों के फिंगरप्रिंट को लेकर सामने आ रही है। यहां पर भले ही परिजन बच्चों के आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए पहुंच रहे है लेकिन उनके फिंगर नहीं आ रहे है। जिसके कारण लोगों की परेशानी अधिक बढ़ गई है। कांग्रेसजनों ने जनहित में ई - केवाईसी की अनिवार्यता के फैसले को वापस लेने अथवा अवधि बढ़ाने की पुरजोर तरीके से मांग की । संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर ने कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल द्वारा जनहित उठाई जायज जनसमस्या को गंभीरता से लेते हुए उनकी मांग को सरकार तक पहुचाने हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवराज बोराणा, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि महावीर सिंह सुकरलाई,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सांखला, पार्षद रघुनाथ सिंह मण्डली, ओमा चौहान, शहजाद शेख, राजू सोलंकी सहित सैंकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

